वी.यू. के तत्वाधान में मध्यप्रदेश में बकरीपालन की संभावनाएः आजीविका सुरक्षा के लिये एक टिकाऊ मार्ग पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

जबलपुर। दिनॉक 14/11/2019 को पशु चिकित्सा एवम् पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) के सभागार में प्रातः 11:00 बजे से नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) एवम् नाबार्ड के तत्वाधान में **"मध्यप्रदेश में बकरीपालन की संभावनायें आजीविका सुरक्षा के लिये एक टिकाऊ मार्ग"** विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में श्री लाखन सिंह यादव जी, मान्नीय कैबिनेट मंत्री पशुपालन विभाग, मछुआ कल्याण एवम् मत्स्य विकास विभाग, म.प्र. शासन, श्री तरुण भनोत जी, मान्नीय कैबिनेट मंत्री वित्त विभाग, योजना आर्थिक एवम् सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन, तथा श्री लखन घनघोरिया जी, कैबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय एवम् निःशक्तजन कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, म.प्र. शासन, के आतिथ्य में आयोजित हो रही है। संगोष्ठी के विशेष अतिथि डॉ. अजय विश्नोई, मान्नीय विधायक (पाटन) जबलपुर, श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी मान्नीय विधायक (केंट) जबलपुर, तथा श्री विनय सक्सेना मान्नीय विधायक (उत्तर मध्य) जबलपुर, होगें। संगोष्ठी में सारस्वत अतिथि के रुप में डॉ. दक्षिणकर एन. पुरुषोत्तम, मान्नीय कुलपति छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़, डॉ गोविन्द प्रसाद मिश्र संस्थापक कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय,जबलपुर तथा श्री एस.के. बंसल, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, एम.पी.आर.ओ. भोपाल सम्मिलित होंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो.डॉ. पी.डी. जुयाल मान्नीय कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर करेंगे।

संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा बताया गया कि संगोष्ठी में वैज्ञानिक वक्ताओं के रुप में डॉ. ए. साहू, प्रभारी संचालक राष्ट्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर, राष्ट्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान से प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. आर.व्हीएस. पबैया, डॉ. पी.के. राउत तथा डॉ. ए.के दीक्षित सम्मिलित हो रहे है। कार्यक्रम में वैज्ञानिक वक्ता डॉ. ए.के. शिंदे प्रमुख वैज्ञानिक राष्ट्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, डॉ. एम.के. चैतले, विभागाध्यक्ष, पशुधन उत्पाद प्रोद्यौगिकी विभाग, गुरु अंगद देव पशु चि.विज्ञान वि.वि. लुधियाना, तथा डॉ. दिनेश टी. भोसले क्षेत्रीय बिक्री निर्देशक, ए.बी. व्हिस्टा दक्षिण एशिया होगें।

इसके अतिरिक्त देशभर से प्रगतिशील बकरी पालक कृषक भी सम्मिलित होगें।

इस भव्य राष्ट्रीय संगोष्ठी में सभी की उपस्थिति प्राथनीय है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर